an>

Title: Need to create awareness among people regarding importance of donation of organs.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) ः कहा जाता है कि मानव शरीर ईश्वरीय शक्ति की अद्भुत देन है, जो कि पांच तत्वों (धरती, जल, पावक, गगन, समीरा) से मिलकर बना है। मानव शरीर से आत्मा का विच्छेद होते ही इसे मृत शरीर का नाम दे दिया जाता है। कनाडा तथा अन्य देशों में इस मृत शरीर के अंगों के दान व आवश्यकतानुसार अंगों के प्रत्यारोपण द्वारा लोगों को नया जीवन प्रदान किया जा रहा है। अंगों में हार्ट, लिवर, किडनी, आंखें एवं त्वचा की अत्यधिक मांग है। अंगदान दाताओं को वहां, सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जाता है। हमारे देश में भी लोग अंगदान वास्ते जागरूक हो रहे हैं और अंगों का दान देकर लोगों को नया जीवन, ज्योति और जीवन की सुंदरता प्रदान कर रहे हैं।

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि सरकार अंगदान वास्ते लोगों में अधिक जागरूकता हेतु शीघ्र योजना लाये और अंगदान दाताओं को मानवतावादी पुरस्कार व अंगदानदाता के मृत शरीर की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने के लिए सरकारी अधिसूचना जारी करने का प्रावधान बनाये, ताकि अधिक से अधिक देश में अंगदानदाता बने और अंगों की तस्करी व अवैध अंग प्रत्यारोपण रूके।